अन्वेषक के लिए निर्देश

1. BEEO से अनुरोध है कि वह अन्वेषक से इस निर्देश पत्रिका पर चर्चा करें।
2. परीक्षा से पहले अन्वेषक को यह निर्देश पत्रिका पढ़ना ज़रूरी है।
3. परीक्षा के दिन अन्वेषक इस निर्देश पत्रिका को अपने साथ स्कूल ले कर ज़रूर जायें।

1. परीक्षा दिन की सारणी – 24 दिसम्बर

8:30 am	अन्वेषक स्कूल समय से पहुंचें		
10:00 am – 11:30 am	Class 3	Hindi	10:00 am – 10:45 am (45 min)
		Math	10:45 am – 11:30 am (45 min)
12:00 pm – 1:30 pm	Class 5	Hindi	12:00 am – 12:45 pm (45 min)
		Math	12:45 pm – 1:30 pm (45 min)
1:30 pm - 2:00 pm	Lunch break		
2:00 pm – 3:30 pm	अन्वेषक "Summary Sheet" भरें		
4:00 pm	अन्वेषक प्रश्न पत्रिका एवं "Summary Sheets" BEEO ऑफिस में जमा करें		

2. अन्वेषक के लिए परीक्षा से एक दिन पहले के निर्देश

1. प्रश्न पत्र के पैकेट लेते समय अन्वेषक यह सुनिश्चित कर लें कि स्कूल में बच्चों की कुल संख्या के हिसाब से प्रश्न पत्रों कि संख्या पर्याप्त है।
2. प्रश्न पत्र पैकेट sealed होने चाहियें। यह पैकेट सिर्फ परीक्षा के दिन और हेड मास्टर को उपस्थिति में ही खोले जाने चाहियें।
3. यदि किसी अन्वेषक ने परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र के पैकेट खोले तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही कि जाएगी।

3. परीक्षा के दिन के लिए निर्देश

अन्वेषक परीक्षा शुरू होने से पहले यह निर्देश पढ़ें:

8:30 am to 9:30 am	• हेड मास्टर से कक्षा 3 और 5 के बच्चों का उपस्थिति रजिस्टर प्राप्त करें. • हेड मास्टर के सामने परीक्षा पत्रों के sealed पैकेट खोलें और एनवलप के ऊपर हेड मास्टर के हस्ताक्षर लें. • प्रत्येक अन्वेषक 30 बच्चों की कक्षा का पर्यवेक्षण करेंगे. इस प्रकार सभी अन्वेषक

	आपस में स्कूल की कक्षाओं का उत्तरदायित्व बाँट लें. • परीक्षा पत्रों के ऊपर दी गयी सभी प्रविष्टियों को उपस्थिति रजिस्टर / कक्षा अध्यापक कि मदद से अन्वेषक को भरना है. हर एक अन्वेषक अपनी कक्षा के लिए दी गयी सभी परीक्षा पुस्तकों कि प्रविष्टियों को भरेंगे.
9:30 am to 12:00 am - Class 3	
9:30 am to 10:00 am	• अन्वेषक यह सुनिश्चित कर लें कि कक्षा 3 के सभी बच्चे अपनी जगह बैठे हों. • जब बच्चे तैयारी से बैठ जायें तब अन्वेषक बच्चों को परीक्षा के बारे में निर्देश दें. • बच्चों को बताएं कि परीक्षा कुल 1.5 घंटे की है - पहले हिंदी (45 मिनट), और फिर गणित (45 मिनट). प्रत्येक प्रश्न पत्र में 17 सवाल हैं. • बच्चों को अपना सही उत्तर <u>प्रश्न पत्र में ही अंकित करना है</u>। • <u>सही सवाल के ऊपर गोला लगा कर बच्चे सही उत्तर अंकित करेंगे।</u> • श्यामपट्ट पर बच्चों को सही उत्तर अंकित करने का (गोला लगाने का) तरीका समझाएं - यह सवाल श्यामपट्ट पर लिखें - आसमान का रंग कैसा होता है? क. लाल ख. सफ़ेद ग. आसमानी घ काला • स्पष्ट करें कि एक सवाल के लिए एक ही उत्तर सही है. इसलिए, सही उत्तर के लिए एक ही गोला लगायें. जैसे - आसमान का रंग कैसा होता है? क. लाल ख. सफ़ेद (ग.) आसमानी घ काला • बच्चों को बताएं कि यदि उन्हें अपना जवाब बदलना हो तो पिछले गोले को सफाई से काट के दूसरे उत्तर के ऊपर गोला लगायें। • <u>अन्वेषक ठीक 9:55 बजे बच्चों को हिंदी का प्रश्न पत्र बाटें</u>

<table>
<tr>
<td>10:00 am
to
10:45 am</td>
<td>कक्षा 3, हिंदी

हिंदी की परीक्षा प्रारंभ करें।
बच्चों को कहें कि वह पहला पेज निकालें और प्रश्न 1 को देखें.
बच्चों को बताएं कि आप ऊंची आवाज़ में प्रश्न 1 से 5 तक पढेंगे और बच्चे भी आपके साथ-साथ यह सवाल अपने मन में पढ़ें.

प्रश्न 1 से प्रश्न 5 तक एक कर के सवाल पढ़ें.
हर सवाल पढने के बाद बच्चों को उत्तर अंकित करने के लिए 1 से 2 मिनट का समय दें.
फिर अन्वेषक अगले सवाल पर बढें.

प्रश्न 6 से लेकर बच्चे खुद ही प्रश्न पढेंगे और सही उत्तर को चुन कर गोला लगायेंगे.
बच्चों को उत्तर समझाने के लिए किसी भी प्रकार कि मदद नहीं दी जाएगी.
45 मिनट बाद (10:45 बजे) सभी बच्चों के हिंदी पेपर इकट्ठा करें
साथ ही अगली परीक्षा के लिए गणित के प्रश्न पत्र बच्चों में बाँट दें.

</td>
</tr>
<tr>
<td>10:45 am
to 11:30
am</td>
<td>कक्षा 3, गणित

ठीक 10:45 बजे गणित की परीक्षा प्रारंभ करें।
बच्चों को कहें कि वह पहला पेज निकालें और प्रश्न 1 को देखें.
बच्चों को बताएं कि आप ऊंची आवाज़ में प्रश्न 1 से 4 तक पढेंगे और बच्चे भी आपके साथ-साथ यह सवाल अपने मन में पढ़ें.

प्रश्न 1 से प्रश्न 4 तक एक कर के सवाल पढ़ें.
हर सवाल पढने के बाद बच्चों को उत्तर अंकित करने के लिए 1 से 2 मिनट का समय दें.
फिर अन्वेषक अगले सवाल पर बढें.

प्रश्न 5 से लेकर बच्चे खुद ही प्रश्न पढेंगे और सही उत्तर को चुन कर गोला लगायेंगे.
बच्चों को उत्तर समझाने के लिए किसी भी प्रकार कि मदद नहीं दी जाएगी.
45 मिनट बाद सभी बच्चों के पेपर इकट्ठा करें.

</td>
</tr>
<tr>
<td>At 11:30
am</td>
<td>

कक्षा 3 की प्रक्रिया को पूरा करने के बाद प्रश्न पत्रिकओं को बच्चों के कोड (रोल नंबर) के अनुसार बढ़ते क्रम में लगायें.
यह सुनिश्चित कर लें कि बच्चों की प्रश्न पत्र संख्या उपस्थित बच्चों कि संख्या के बराबर है.

</td>
</tr>
</table>

11:30 am to 1:3s0 pm - Class 5	
11:30 am – 12:00 am	• अन्वेषक यह सुनिश्चित कर लें कि कक्षा 5 के सभी बच्चे अपनी जगह बैठे हों • जब बच्चे तैयारी से बैठ जायें तब बच्चों को परीक्षा के बारे में निर्देश दें • बच्चों को बताएं कि परीक्षा कुल 1.5 घंटे की है - पहले हिंदी (45 मिनट), और फिर गणित (45 मिनट). • बच्चों को अपना सही उत्तर प्रश्न पत्र में ही अंकित करना है। • सही सवाल के ऊपर गोला लगा कर बच्चे सही उत्तर अंकित करेंगे। • श्यामपट्ट पर बच्चों को सही उत्तर अंकित करने का (गोला लगाने का) तरीका समझाएं - यह सवाल श्यामपट्ट पर लिखें - आसमान का रंग कैसा होता है? क. लाल ख. सफ़ेद ग. आसमानी घ काला • स्पष्ट करें कि एक सवाल के लिए एक ही उत्तर सही है. इसलिए, एक उत्तर के लिए एक ही गोला लगायें. जैसे - आसमान का रंग कैसा होता है? क. लाल ख. सफ़ेद (ग.) आसमानी घ काला • बच्चों को बताएं कि यदि उन्हें अपना जवाब बदलना हो तो पिछले गोले को सफाई से काट के दूसरे उत्तर के ऊपर गोला लगायें। • अन्वेषक ठीक 11:55 बजे बच्चों को हिंदी का प्रश्न पत्र बाटें
12:00 am to 12:45 pm	कक्षा 5, हिंदी • ठीक 12:00 बजे हिंदी की परीक्षा प्रारंभ करें। • बच्चे खुद ही सारे प्रश्न पढेंगे और सही उत्तर को चुन कर गोला लगायेंगे. • बच्चों को उत्तर समझने के लिए किसी भी प्रकार कि मदद नहीं दी जाएगी. • 45 मिनट बाद (12:45 बजे) सभी बच्चों के हिंदी पेपर इकट्ठा करें

	• साथ ही अगली परीक्षा के लिए गणित के प्रश्न पत्र बच्चों में बाँट दें.
12:45 pm to 1:30 pm	कक्षा 5, गणित • ठीक 12:45 बजे गणित की परीक्षा प्रारंभ करें। • बच्चे खुद ही सारे प्रश्न पढेंगे और सही उत्तर को चुन कर गोला लगायेंगे. • बच्चों को उत्तर समझने के लिए किसी भी प्रकार कि मदद नहीं दी जाएगी. • 45 मिनट बाद (1:30 बजे) सभी बच्चों के पेपर इकट्ठा करें
At 1:30 pm	• कक्षा 5 की प्रक्रिया को पूरा करने के बाद प्रश्न पत्रिकओं को बच्चों के कोड (रोल नंबर) के अनुसार बढ़ते क्रम में लगायें. • यह सुनिश्चित कर लें कि बच्चों की प्रश्न पत्र संख्या उपस्थित बच्चों कि संख्या के बराबर है.

4. 1:30 pm - 2:00 pm

Lunch

5. 2:00 pm - 3:30 pm - "Summary Sheet" (उत्तर पत्रक) भरने के निर्देश

सभी बच्चों ने अपनी-अपनी प्रश्न पत्रिका के ऊपर अपने उत्तर अंकित किये हैं. अन्वेषक को अपनी कक्षा के सभी बच्चों के उत्तर उन्हें प्रदान की गयी "Summary Sheet" (उत्तर पत्रक) में एक-एक करके कॉपी करने हैं. उत्तर पत्रक कि सही से भरने के लिए अन्वेषक नीचे दिए गए निर्देश पढ़ें:

1. <u>उत्तर पत्रक इस प्रकार की है:</u>


उत्तर पत्रक

जिला कोड ___ ब्लॉक कोड ___ विद्यालय कोड ___

जिले का नाम ___ ब्लॉक का नाम ___ विद्यालय का नाम ___

प्रश्न पत्र कोड

1 – Math, Class 3
2 – Math, Class 5
3 – Hindi, Class 3
4 – Hindi, Class 5

विद्यालय कोड (DISE) –

निर्देश : [illegible]

- कोड 1, 2, 3 एवं 4 [illegible]
- कोड '0' यदि कोई उत्तर नहीं दिया है।
- कोड '9' यदि प्रश्न में एक से अधिक विकल्पों को चुना है।

	विद्यार्थी कोड	विद्यार्थी नाम	प्रश्न संख्या																				
			1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21
1																							
2																							
3																							
4																							
5																							
6																							
7																							
8																							
9																							
10																							
11																							
12																							
13																							
14																							
15																							

क्षेत्र अन्वेषक : हस्ताक्षर ___ नाम ___ जिला समन्वयक : हस्ताक्षर ___ नाम ___

2. अन्वेषक एक उत्तर पत्रक में अधिकतम 15 बच्चों के सभी उत्तर अंकित कर सकते हैं.
3. अन्वेषक हर कक्षा और हर विषय के लिए अलग उत्तर पत्रक का उपयोग करें. (पहले ही हर स्कूल में बच्चों की संख्या के हिसाब से पर्याप्त मात्रा में उत्तर पत्रक उपलब्ध कराये गए हैं).

4. <u>उत्तर पत्रक कैसे भरना है:</u>

1. सबसे पहले अन्वेषक ऊपर दी गयी प्रविष्टियों को भरें - जिला कोड एवं नाम, ब्लाक कोड एवं नाम, विद्यालय नाम एवं कोड (DISE कोड एवं विभाग कोड)
2. (प्राइमरी स्कूल का विद्यालय कोड 5 अंकों का हो सकता है. आवश्यकतानुसार एक और खाना बना के उसे सही से भरें.
3. अन्वेषक जिस कक्षा और विषय के उत्तर भर रहे हैं, उसका "प्रश्न पत्र कोड" ऊपर भरें.
    - कक्षा 3, गणित - कोड 1
    - कक्षा 5, गणित - कोड 2
    - कक्षा 3, हिंदी - कोड 3
    - कक्षा 5, हिंदी - कोड 4
4. एक-एक कर के प्रत्येक बच्चे का कोड (रोल नंबर) एवं नाम लिखें, और प्रश्न संख्या के नीचे सही खाने में बच्चे के अंकित किये हुए उत्तर कॉपी करें.
    - बच्चे नें "अ", "ब", "स" या "द" में से जो विकल्प चुना है, उसके हिसाब से प्रश्न संख्या के खाने में "1", "2", "3" या "4" लिखें.
    - यदि बच्चे ने प्रश्न खाली छोड़ दिया है, तो "0" लिखें
    - यदि बच्चे ने एक से अधिक विकल्प चुना है, तो "9" लिखें
5. <u>उदाहरण:</u>
    - यदि बच्चे ने अपने प्रश्न पत्र में प्रश्न 4 के लिए "ब" विकल्प पर गोला लगाया है, तो प्रश्न संख्या 4 के खाने में उस बच्चे का उत्तर "2" लिखें.

6. 4:00 pm तक सभी प्रश्न पत्र BEEO ऑफिस में जमा करने के लिए निर्देश

1. सभी उत्तर पत्रक एकत्रित कर के एक लिफाफे में डालें.
2. सभी प्रश्न पत्र अलग लिफाफे में डालें
3. सभी उपयोग न किये गए प्रश्न पत्र भी वापस करने हैं.
4. हर लिफाफे के ऊपर जिला कोड, ब्लाक कोड, स्कूल DISE कोड, स्कूल नाम ज़रूर लिखें.
5. हर लिफाफे में कितनी मात्र में क्या है, यह भी लिखें.
6. जिन लिफाफों में प्रश्न पत्र मिले थे, वापस करने के लिए अन्वेषक उन्ही लिफाफों का दोबारा उपयोग भी कर सकते हैं.
7. सभी लिफाफों को सील कर के BEEO ऑफिस में 4 बजे तक जमा कर दें.